# —: टिप्पणी एवं आदेश :—

मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर

जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत दिनांक 19.01.2023 को **जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में जनपद–बलरामपुर हेतु जल जीवन मिशन कार्यक्रम** फेज–2 में नामित एजेन्सी– मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई एवं फेज–3 हेतु नामित एजेन्सी मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 द्वारा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन विरचन एवं निर्माण कार्यो एवं जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं में कियाशील गृह संयोजन प्रदान करने के सम्बन्ध में एवं योजना को हर घर नल से जल प्रमाणित किये जाने के सम्बन्ध में आहूत समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का कार्यवृत्त पत्रावली में दाहिनी ओर रक्षित है।

कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहे।

21/01/23

अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बलरामपुर।

21/1/2023
CDO

जिलाधिकारी
बलरामपुर।

**जल जीवन मिशन–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत दिनांक 19.01.2023 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में जनपद–बलरामपुर हेतु जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 में नामित एजेन्सी– मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई एवं फेज–3 हेतु नामित एजेन्सी मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 द्वारा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन विरचन एवं निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के माध्यम से जलापूर्ति उपलब्ध कराये जाने के लिए जनपद–बलरामपुर हेतु फेज–2 में नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई एवं फेज–3 में नामित एजेन्सी मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) द्वारा दिनांक 19.01.2023 को जिलाधिकारी कार्यालय, बलरामपुर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।
2. अपर जिलाधिकारी, बलरामपुर।
3. जिला विकास अधिकारी, बलरामपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई, बलरामपुर।
6. जनपदीय टीम लीडर, मे. सेन्सिस टेक लि. (टी.पी.आई.)।
7. परियोजना प्रबन्धक, मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
8. परियोजना प्रबन्धक, मे. दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V), बलरामपुर।

सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति को अवगत कराया गया कि, जनपद हेतु सूचीबद्ध कार्यदायी फर्म मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई को 216 नग ग्राम पंचायतें/295 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है। फर्म द्वारा वर्तमान तक 192 नग योजनाओं/276 राजस्व ग्रामों के प्राक्कलन तैयार कर खण्ड कार्यालय को उपलब्ध कराये जा चुके हैं, जिनमें से 182 नग योजनाओं/265 नग राजस्व ग्राम के प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वीकृतोपरान्त राज्य स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृत समिति को प्रेषित किये जा चुके हैं। प्रेषित प्राक्कलनों में 123 नग योजनाओं/189 नग राजस्व ग्राम/137 ग्राम पंचायतें की स्वीकृति राज्य स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृत समिति से प्राप्त हो चुकी है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 97 नग योजनाओं के कवर अनुबन्ध तैयार कराये गये हैं एवं 81 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर 395 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाते हुए 19742 गृह संयोजनों का कार्य किया गया है। फर्म की मशीनरी एवं मैनपावर की कमी के दृष्टिगत कार्यों की प्रगति धीमी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यो की धीमी प्रगति एवं मैनपावर तथा मशीनरी की कमी के दृष्टिगत फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि समस्त स्वीकृत योजनाओं के कवर अनुबन्ध निष्पादित कराकर मैनपावर तथा मशीनरी को बढ़ाते हुए समस्त योजनाओं पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे प्रतिदिन निर्धारित गृह संयोजन के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए शीघ्र ही जनपद को 25 प्रतिशत की श्रेणी में लाया जा सके।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/प्रोजेक्ट मैनेजर, लारसेन एण्ड टूब्रो।**

सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति को अवगत कराया गया कि, जनपद हेतु सूचीबद्ध कार्यदायी फर्म मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, J/V ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 को 504 नग ग्राम पंचायतें/595 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है। फर्म द्वारा वर्तमान तक 466 नग योजनाओं/563 राजस्व ग्रामों के प्राक्कलन तैयार कर खण्ड कार्यालय को उपलब्ध कराये जा चुके हैं, जिनमें से 466 नग योजनाओं/563 नग राजस्व ग्राम के प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वीकृतोपरान्त

राज्य स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृत समिति को प्रेषित किये जा चुके हैं। प्रेषित प्राक्कलनों में 175 नग योजनाओं/226 नग राजस्व ग्रामों की स्वीकृति राज्य स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृत समिति से प्राप्त हो चुकी है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 47 नग योजनाओं के कवर अनुबन्ध तैयार कराते हुए 37 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर 8.25 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य किया गया है। फर्म की मशीनरी एवं मैनपावर की कमी के दृष्टिगत कार्यों की प्रगति धीमी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की धीमी प्रगति एवं मैनपावर तथा मशीनरी की कमी के दृष्टिगत फर्म मेसर्स मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, J/V ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि समस्त स्वीकृत योजनाओं के कवर अनुबन्ध निष्पादित कराकर मैनपावर तथा मशीनरी को बढ़ाते हुए समस्त योजनाओं पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे प्रतिदिन निर्धारित गृह संयोजन के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए शीघ्र ही जनपद को 25 प्रतिशत की श्रेणी में लाया जा सके। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि फर्म मेसर्स दारा इंजीनियरिंग द्वारा जुलाई 2022 में स्वीकृत योजनाओं पर वर्तमान तक गृह संयोजन का कार्य प्रारम्भ न किये जाने के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी की ओर से नोटिस प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/प्रोजेक्ट मैनेजर, मे. दारा इन्जी.।**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि, जनपद में कार्य कर रही दोनों फर्मों को निर्धारित कुल लक्ष्य 720 ग्राम पंचायतों की पेयजल योजनाओं के जलकल परिसर की भूमि आवंटन की कार्यवाही के क्रम में वर्तमान तक समस्त 720 ग्राम पंचायतों/870 राजस्व ग्रामों में भूमि आवंटित कर दी गयी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो की अवशेष 07 ग्राम पंचायतों में एवं फर्म मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग की अवशेष 31 ग्राम पंचायतों के प्राक्कलन तैयार कर तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करते हुए आगामी जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही– अधि0 अभि0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/ मेसर्स दारा इंजी./मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व निर्मित 30 नग योजनाओं में रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत घरेलू गृह संयोजन तथा अन्य मरम्मत के कार्यों को किया जाना था। समस्त योजनाओं में रेट्रोफिटिंग के कार्य मार्च 2021 तक कराये जा चुके हैं तथा स्वीकृत 15 नग नवीन योजनाओं के कार्य 80–90 प्रतिशत तक पूर्ण किये जा चुके हैं। एम0एस0डी0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत 15 नग योजनाओं में से 07 नग योजनाओं के कार्य पूर्ण, शेष 08 नग योजनाओं के कार्य 70–90 प्रतिशत तक किये जा चुके हैं। उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन योजनाओं के समस्त कार्य वित्तीय वर्ष में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा समस्त योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आख्या तैयार कर पावर प्वाइन्ट के माध्यम से प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत करें। साथ ही रेट्रोफिटिंग तथा निर्माणाधीन योजनाओं को कियाशील गृह संयोजन प्रदान करते हुए योजना को 'हर घर नल से जल' प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में निर्मित की जाने वाली पेयजल योजना के कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक कराने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वचछता मिशन द्वारा जनपद हेतु नामित थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के रूप में कार्य कर रही एजेन्सी मेसर्स सेन्सियस टेक लिमिटेड द्वारा जनपद में कराये जा रहे कार्यों पर विचार विमर्श किया गया । जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि, जनपद में निर्माणाधीन समस्त पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक कराने हेतु प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण संस्था के सदस्यों द्वारा

CS CamScanner

किया जाये एवं उक्त निरीक्षण आख्या का अनुपालन कार्यदायी फर्मों से कराते हुए योजना के प्रत्येक कार्यों में तदानुसार गुणवत्ता सुनिश्चित की जाये। साथ ही निर्देश दिये गए कि कार्यस्थल पर पायी गयी कमियों एवं कराये गये निराकरण की अनुपालन रिपोर्ट मय फोटोग्राफ के साथ प्रत्येक बैठक में प्रतिभाग करें।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मेसर्स सेन्सियस टेक लिमिटेड।**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि, जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत "हर घर नल से जल" उपलब्ध कराने हेतु जनपद की ग्राम पंचायतों में पेयजल योजनाओं के दृष्टिगत जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन, गुणता नियंत्रण एवं संचालन अनुरक्षण प्रबन्धन इत्यादि कार्यों के लिए नामित समस्त 07 इम्पलीमेन्टेंशन सपोर्ट एजेन्सियों के वर्तमान तक किये गये कार्यों एवं शेष की जाने वाली कार्यवाही से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त इम्पलीमेन्टेंशन सपोर्ट एजेन्सियों को निर्धारित क्लस्टर अन्तर्गत शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अन्य फेज़ के अन्तर्गत की जाने वाली समस्त गतिविधियों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने एवं अधिशासी अभियन्ता को इम्पलीमेन्टेंशन सपोर्ट एजेन्सियों के प्रथम फेज के भुगतान हेतु निर्देश दिये गये।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/समस्त इम्पलीमेन्टेंशन सपोर्ट एजेन्सी।**

बैठक के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं यथा– आई0एस0ए0, टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 को उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये एवं जनपद की सूचीबद्ध फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग को अवशेष ग्राम पंचायतों के प्राक्कलन शासन द्वारा निहित निर्देशों का अनुपालन करते हुए यथा शीध्र तैयार कर तकनीकी परीक्षण हेतु कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे अवशेष ग्राम पंचायतों में पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन विरचन उपरान्त निर्माण की कार्यवाही भी समय से सुनिश्चित की जा सके।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलरामपुर।

पत्रांक : 116 / यो0-1 / 44 दिनांक–21/01/2023

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।
4. अपर जिलाधिकारी, बलरामपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग जे0वी0 इको प्रोटेक्शन, बलरामपुर।
8. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।
9. टीम लीडर, टी0पी0आई0, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CS CamScanner